सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 82 | इंदौर, बुधवार 27 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Asian Games: नेपाल ने रचा इतिहास, टी20 मैच में बना दिए 314 रन, युवराज-रोहित के रिकॉर्ड भी टूटे
2. हमला: 'इस्कॉन कसाइयों को बेचता है गाय', मेनका गांधी ने लगाया बड़ा आरोप; मंदिर प्रशासन ने किया पलटवार

रंगीन संस्करण प्रारंभ

रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ
रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ रंगीन संस्करण प्रारंभ

### सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

## 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

**Facebook**
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

**Instagram**
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

# महापौर, कलेक्टर, आयुक्त द्वारा झांकी मार्ग का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर इलैयाराजा टी, आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, महापौर परिषद सदस्यों द्वारा अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकीयों के भंडारी ब्रिज के पास से झांकी मार्ग का निरीक्षण किया गया।**



इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, नंदकिशोर पहाडिया, राकेश जैन, मनीष शर्मा मामा, जितेन्द्र यादव, अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, अभय राजनगांवकर, के स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय, अन्य विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

महापौर, कलेक्टर, आयुक्त, महापौर परिषद सदस्य द्वारा भंडारी ब्रिज चौराहे से श्रम शिविर, चिंकमंगलूर चौराहा, जेलरोड, नावेल्टी मार्केट, जेलरोड चौराहा, एमजी रोड अग्रवाल स्टोर्स, मृगनयनी चौराहा, कृष्णपुरा छत्री, नंदलाल पुरा रोड, फुरट मार्केट, जवाहर मार्ग, गुरूद्वारा चौराहा, बम्बई बाजार, नृरसिंह बाजार चौराहा, कपडा मार्केट, सीतलामाता बाजार, एमजी रोड खजुरी बाजार रोड, राजबाडा होते हुए, नगर निगम तक झांकी मार्ग का निरीक्षण किया गया।

महापौर श्री भार्गव ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार परम्परागत तरीके से इंदौर शहर में अनंत चतुर्दशी के दिन शहर के मध्य क्षेत्र में मिलो के साथ ही विभिन्न झांकीयां निकाली जाती है। महापौर द्वारा झांकी मार्ग के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, डेनेज सफाई कार्य, पार्किंग व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय व मुत्रालयो की सफाई, आपात स्थिति में अग्निशमन वाहनो की व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा झांकी मार्ग में ऐसे खतरनाक व जर्जर मकान को हटाने की कार्यवाही के साथ ही झांकी मार्ग के खतरनाक मकानो के संबंध में बैनर लगाने के भी निर्देश दिये गये।

# चिकित्सक की पहली प्राथमिकता उसका मरीज होता

◆ विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान प्रशिक्षु चिकित्सकों ने भाग लिया। इसमें पोस्टर मेकिंग के माध्यम से मरीजों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है, उनकी अन्य समस्याओं का हल विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाने की वजह आदि पर जागरूक किया गया।**

चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांत ने बताया कि इंडेक्स हॉस्पिटल में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है तथा 25 सितंबर को यह समाप्त हुआ।क्वालिटी कंट्रोल हेड डॉ.ज्योति घसोलिया ने बताया विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के द्वारा प्रयोजित 11 स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस दिवस को इसलिए भी मनाया जाता है ताकि मरीजों को गलत दवाएं या फिर उपचार मिलने से रोका जा सके। इंडेक्स अस्पताल में विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सबसे पहले एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके बाद मेडिटेशन सेफ्टी और हैंड हाइजिंग के बारे में सभी कर्मचारियों का जानकारी दी गई।। इसमें पोस्टर और स्लोगन मेकिंग के माध्यम से मरीजों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है इस बारे में जानकारी दी गई। इसमें विश्व रोगी सुरक्षा दिवस में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम और द्वितीय विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## तपस्वीयों का निकला भव्य वरघोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पर्युषण पर्व समाप्ति के पश्चात भी तपस्चर्याओ का दौर मासक्षमण तपस्वीयो का निकला भव्य वरघोड़ा एवं हुआ स्वधर्मी वात्सल्य । पूज्य साध्वी विज्ञानलता श्रीजी आदि ठाणा 3 की प्रेरणा से श्रीमती लीना अर्पित जैन बागवाला के गर्म जल के आधार पर 30 उपवास (महामृत्युंजय तप) का वरघोड़ा चातुर्मास समिति अध्यक्ष महेन्द्र जैन बागवाला के निवास स्थान से निकलकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ राजेन्द्र आराधना भवन पहुंचा, जिसमें विशेष रूप से निश्रा प्रदान करने पूज्य साध्वी हेमप्रज्ञा श्रीजी आदि ठाणा भी पधारें, जहां साध्वीजी भगवंतो ने तप की महिमा उपस्थित समाजजनों को बताते हुए युवा तपस्वी की अनुमोदना की, श्रीसंघ की ओर से तपस्वी का बहुमान अध्यक्ष नरेंद्र बोहरा, युवा राजेश प्रिया जैन द्वारा किया गया। वही दामोदर नगर में मुमुक्षु रानू चंडालिया का भी मासक्षमण गर्म जल के आधार पर 30 उपवास के पारणे एवं वरघोड़े का आयोजन हुआ। जो की दामोदर नगर जैन मंदिर पर धर्मसभा में परिवर्तत हुई गणिवर्य आनंदचंद्र सागर जी एवं साध्वीवर्या ने निश्रा प्रदान की। राजेश जैन युवा के अनुसार महोत्सव में दामोदर नगर श्रीसंघ एवं नवकार परिवार एवं अनेक संस्था द्वारा बहुमान किया गया। नवकारसी का लाभ पारसमल जी चंडालिया परिवार एवं श्री संघ ने स्वामीवात्सल्य का लाभ लिया।

# चौराहे पर भटक रहे यात्री को जीवन की सही दिशा में ले जाती है भागवत

**भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह की पूणार्हुति आज यज्ञ-हवन के साथ**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भागवत केवल ग्रंथ नहीं, हम सबके जीवन को सद्गुणों से अलंकृत करने का सबसे सरल माध्यम है। यह ज्ञान और भक्ति के साथ सेवा के मार्ग पर ले जाने वाला वह प्रकाश स्तंभ है, जो अंधकार में चौराहे पर भटक रहे यात्री को सही दिशा में ले जाता है। भागवत जैसे धर्मग्रंथों की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती, क्योंकि यह साक्षात भगवान का ही स्वरूप है।

ये दिव्य विचार हैं प्रख्यात भागवताचार्य पं. आयुष्य दाधिच के, जो उन्होंने श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज, चित्तौड़ा सोशल ग्रुप, संस्था रंग तरंग एवं समाज की अन्य संस्थाओं के तत्वावधान में उषानगर स्थित उषा राजे परिसर में चल रहे भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह में कृष्ण-सुदामा मिलन के भावपूर्ण प्रसंग के दौरान व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व विधायक मालिनी गौड़, हाईलिंक ग्रुप के संचालक वीरेन्द्र गुप्ता, समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र महाजन, गिरधर गुप्ता, विमल हेतावल, प्रणय चित्तौड़ा, धर्मेन्द्र गुप्ता, दामोदर महाजन, डॉ. कमल हेतावल, हेमंत हेतावल, कमलेश गुप्ता आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। आचार्यश्री की अगवानी पुरुषोत्तम अकोतिया, राजेश अकोतिया, बद्रीलाल मेहता, गगन वाणी, गिरीश कश्यप, अजय हेतावल, जय हेतावल, नवनीत गुप्ता, अशोक गुप्ता, पीयूष गुप्ता, ललित मेहता, डॉ. अनिल महाजन, शैलेन्द्र अगस्त्य, उमेश गुप्ता आदि ने की। बुधवार 27 सितम्बर को सुबह 9 बजे से यज्ञ-हवन के साथ पूणार्हुति होगी।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सिमरन को दी स्कूटी

**कलेक्टर ने सिमरन सहित 44 दिव्यांगों को भी रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत की**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज जनसुनवाई में दिव्यांगों की समस्याओं को विशेष रूप से सुना और उनका हाथोहाथ निराकरण सुनिश्चित किया। आज उन्होंने एक और निराश्रित बालिका सिमरन के जीवन की राह आसान की। उसे आगे बढ़ने के लिये सहारे रूप में स्कूटी स्वीकृत करते हुये आज ही स्कूटी प्रदान करवायी। इसके साथ ही 43 दिव्यांगों को भी कलेक्टर ने रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत की। जनसुनवाई में आये अनेक जरूरतमदों को कलेक्टर ने डेढ़ लाख रुपए की मदद रेडक्रॉस से स्वीकृत की।

जनसुनवाई में मालवीय नगर, रामकृष्ण बाग कॉलोनी में किराये से रहने वाली सिमरन पहुंची। सिमरन ने बताया कि बचपन में ही मेरे माता-पिता नहीं रहें। उनकी मृत्यु हो गई थी। इस वजह से मैं अनाथ होकर आश्रम में पली बड़ी हूँ। मैंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की मैं अभी एमए फाइनल कर रही हूँ और साथ ही यूपीएससी की तैयारी भी कर रही हूँ। छोटी नौकरी करके आपना जीवन यापन कर रही हूँ। मुझे आने-जाने में परेशानी होती है। कलेक्टर ने इस प्रतिभावान बालिका की बात को गंभीरता से सुनकर निराकरण किया और आज ही स्कूटी देने के निर्देश दिये। जनसुनवाई चलते ही इस बालिका को सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों ने स्कूटी बुलवाकर हाथोहाथ स्कूटी चाबी भी इस बालिका को सौंपी।

## मंत्री सिलावट को मिला पं. रविशंकर शुक्ल स्मृति उत्कृष्ट मंत्री सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को जनोन्मुखी कार्य एवं संसदीय गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिये पं. रविशंकर शुक्ल स्मृति उत्कृष्ट मंत्री सम्मान प्रदान किया गया हैं। यह सम्मान और प्रशस्ति पत्र मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने आज भोपाल में आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।



# प्लान बनाकर की थी सीरियल चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआं पुलिस ने सीरियल चाकूबाजी की वारदात करने वाले तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि उसने खुद ही चंदन नगर थाने पर सरेंडर कर दिया था। इसके बाद मंगलवार शाम पुलिस की टीम उसे लेकर भंवरकुआ आ गई। इस मामले में सोमवार देर रात ही भंवरकुआ पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया था। आरोपी ट्रांसपोर्ट नगर वाइन शॉप पर बैठ थे। इसी दौरान उन्होंने शहर में आतंक मचाने की प्लानिंग की।**

एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने चंदन नगर थाने से तीसरे आरोपी असलाज को भी हिरासत में लिया है। उसी से चाकू भी जब्त किया गया है। इसके पहले टीम अहमद और अरूण को पकड़ चुकी है। पकड़ाए आरोपियों में अहमद का आपराधिक रिकार्ड है। वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा है। जबकि बाकी दोनों बदमाशों का यह पहला ही अपराध है। असलाज चंदन नगर पुलिस का मुकबिर है। उसके घर पुलिस पहुंची जिसमें उसे थाने बुलाया गया। फुटेज में अहमद की ही सबसे पहले पहचान सामने आई थी।

### तीन घंटे की मेहनत के बाद मिला क्लू

जानकारी के मुताबिक एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा रात में एसीपी नीति दंडोतिया को साथ लेकर थाने पर लगातार मोबाइल नंबर के आधार पर ट्रेसिंग करते रहे। चाकूबाजी की पुरानी वारदातों में शामिल बदमाशों की जानकारी निकालते रहे। इसी बीच चंदन नगर थाने की खुफिया के पास फुटेज पहुंचे। यहां उन्होंने अहमद की पहचान की। बाद में टीम उसके घर पहुंची तो वह मिल गया। उसने चाकूबाजी की वारदात कबूल की। वहीं साथी अरूण का नाम भी बताया। अभी आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ चल रही है।

### वाइन शॉप से निकले और किया हमला

पकड़ाए आरोपी काफी देर तक ट्रांसपोर्ट नगर वाइन शॉप पर बैठे हुए थे। यहां पर उन्होंने शहर में आतंक मचाने की प्लानिंग की। जब उन्होंने आदर्श पर चाकू से वार किया तो एक बार में उस चोट नहीं लगी। आदर्श कुछ समझ भी नहीं पाया। आरोपी थोड़ा आगे जाकर वापस पलट कर आए और फिर से आदर्श को चाकू मारा। इसके बाद उन्होंने रॉन्ग साइड से माणिक बाग ब्रिज पर गाड़ी डाल दी। यहां खुलेआम चाकू लहराते रहे। यहां पर ष्ट्रड्डुड्ड के लेक्चरर उन्हें पैदल टहलते हुए दिखे। उनकी भी पीठ पर चलती बाइक से चाकू मार दिया और वहां से अन्नपूर्णा इलाके से होकर चंदन नगर में चले गए।

# वकीलों ने रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

◆ अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को अधिवक्ता संरक्षण कानून को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इसी के तहत न्यायालय परिसर से भी अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम विनोद राठौर को अधिवक्ता संरक्षण कानून लागू करने के लिए मांग की। अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं। महू बार के अध्यक्ष स्वदेश दत्त पांडे भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार आचार संहिता के पहले यह नियम लागू करें, वरना वकील उग्र आंदोलन करने को भी तैयार है। इस दौरान वकीलों ने न्यायालय परिसर में रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान हंसराज वर्मा उमेश चौरसिया जयराज चौहान, अभिषेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे।

# 13 वर्षीय नाबालिग की पुलिस और परिजन कर रहे तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर में पिछले दिनों 21 सितंबर को एक नाबालिग के लापता होने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के लोधी मोहल्ले से नाबालिग बालिका अपने मौसी से घर से अपने घर जाने का कह कर निकली और वापस घर नही लौटी। काफी ढूंढने के बाद भी बालिका का कोई पता नहीं चला, तो बालिका की माता ने नजदीकी सेक्टर एक थाने पहुंच अपनी 12 वर्षीय बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाया। पुलिस ने मुकदमा कायम कर बालिका की तलाश शुरू कर दी, लेकिन 5 दिन बीत जाने के पश्चात भी पुलिस बालिका का पता अब तक नहीं लग पाया है। पुलिस की टीम लगातार आस पास के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# रास्ता रोककर धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ट्रैक्टर लेकर जा रहे युवक को बदमाश ने रास्ते में रोका और पुराने विवाद में चाकू दिखाकर धमकी दी कि 8 दिन के अंदर तुझे जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद उसने ट्रैक्टर की हेडलाइट तोड़ दी। बाणगंगा पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना मुकेश पिता भेरूलाल मेवाड़ा निवासी गणेश धाम कॉलोनी के साथ भगतसिंह नगर बाणगंगा ब्रिज के नीचे हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अनुज उर्फ मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं ट्रैक्टर में काम कराने के लिए बाणगंगा ब्रिज के नीचे दुकान पर गया था। उसी दौरान वहां आरोपी मुझे मिला। उसने पुराने झगड़े की बात को लेकर गालियां दी। मुझसे बोला कि तेरा यह ट्रैक्टर ब्रिज के नीचे नहीं आएगा। उसने चाकू दिखाया और बोला कि तू बिज्जू परमार का आदमी है, तुझे 8 दिन के अंदर जान से खत्म कर दूंगा। जब मैंने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने पथराव कर ट्रैक्टर की हैडलाइट तोड़ दी।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में आरोपी ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट कर आरोपी भाग निकला। पुलिस के मुताबिक घटना 24 वर्षीय युवती के साथ सोमवार की रात हुई। पुलिस ने आरोपी पंकज पिता बालकिशन ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि जब उसने आरोपी की हरकतों का विरोध किया और शोर मचाया तो आरोपी ने मारपीट की और भाग गया।



# जन आक्रोश यात्रा में पटेल ने पटवारी को तोला, आतिशबाजी भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। पिछले दिनों ही कॉग्रेस पार्टी में शामिल हुए बांक पंचायत के युवा नेता और समाज सेवी शादाब पटेल ने कल राऊ विधानसभा में निकली जनाक्रोश यात्रा में करीब 18 मंच शादाब पटेल के कार्यकर्ताओं के लगे ओर सभी में क्षेत्र की खूब भीड़ भी थी वहीं धार रोड़ पर पूरे यात्रा मार्ग पर शादाब समर्थकों ने शादाब और पटवारी के सेंकड़ों बड़े बड़े पोस्टर और कटआउट लगाए हुए थे साथ ही जीतू पटवारी जी को तोला भी गया आतिशबाजी हुई और सभी लगभग 18 मंचों पर बड़ी ही गर्मजोशी से शादाब पटेल और जीतू पटवारी जिंदाबाद के नारे लगते रहे शादाब पटेल के मंच सिंहासा पंचायत से शुरू हुए वहीं से पटवारी ने उन्हें अपनी रथ मे सवार कर लिया था जो एक नंबर विधानसभा तक शादाब रथ पर पटवारी के साथ सवार रहे कल कॉंग्रेस संगठन के प्रभारी और कई पदाधिकारी और इंदौर कॉंग्रेस के कई विधायक यात्रा में शामिल थे।

# शासकीय महिला पोलीटेक्निक महाविद्यालय में इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट इंट्रक्शन मीटिंग का हुआ आयोजन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा तकनीकी शिक्षा के 10 शैक्षणिक संस्थाओं को स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर के लिये चयनित किया गया है। शासकीय महिला पोलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर इनमें से एक संस्था है। जिसके तारतम्य में आज 26 सितम्बर को आर्किटेक्चर एवं इंटीरियर डिजाइनिंग विभाग द्वारा इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट इंट्रक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आर्किटेक्ट कल्पना बाबर, आर्किटेक्ट मनीष कुमठ, आर्किटेक्ट अर्शिया कुरैशी, इंटीरियर डिजायनर जगजीत सिंह टुटेजा, इंटीरियर डिजायनर बलजीत कौर टुटेजा, श्री जनक बजाट, श्री अंकुर पाटीदार आदि शामिल हुये। इनके द्वारा नये स्टार्टअप पर अपने विचार व्यक्त किये गये।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर ने स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

## राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में देशभर की अनेक स्मार्ट सिटी ने प्रदर्शित किया आकर्षक रूप से अपने नवाचार

◆ राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू आज स्मार्ट सिटी पुरस्कारों का वितरण करेंगी

**इंदौर। केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री श्री कौशल किशोर ने आज इंदौर में स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव के तहत आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्मार्ट सिटी मिशन के निदेशक और शहरी आवास मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री कुणाल कुमार भी इस अवसर पर मौजूद थे।**



राष्ट्रीय स्तर की इस कॉन्क्लेव की प्रदर्शनी में देश की चयनित स्मार्ट सिटी द्वारा अपने-अपने शहरों में किये गये नवाचारों को प्रमुखता के साथ प्रदर्शित किया गया है। इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा भी अपने कार्यों का प्रदर्शन बेहद आकर्षक तरीके से किया गया है। प्रारंभ में महापौर नगर निगम इन्दौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री श्री कौशल किशोर का स्वागत किया। इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव के तहत 27 सितम्बर को राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू स्मार्ट सिटी पुरस्कारों का वितरण करेंगी। इस कार्यक्रम में लगभग दो हजार अतिथियों का आगमन होगा। इसमें देश के स्मार्ट शहरों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, महापौर, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्मार्ट सिटी के अलावा अन्य शहरों के भी महापौर, नगर निगम आयुक्त और अन्य अधिकारी भाग लेंगे। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में सभी स्मार्ट शहरों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में उनके द्वारा किये गये नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। इंदौर आने वाले अतिथियों को इंदौर के नवाचार दिखाये जा रहे हैं।

# 5 लाख 60 हजार की ब्राउन शुगर जब्त, पांच पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर। क्राइम ब्रांच और पुलिस ने मिलकर दो मामलों में 5.60 लाख रुपए की ब्राउन शुगर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक आरोपी नाबालिग है। आरोपियों का पुराना आपराधिक रेकार्ड भी मिला है। आरोपी जुल्फिकार उर्फ भय्यू आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध अपहरण, लूट हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखना जैसे कई गंभीर केस दर्ज हैं। आरोपी पीटर डेनियल कुछ समय पूर्व ही जेल से जमानत पर रिहा हुआ है। इसका भी पुराना रिकार्ड है। आरोपी समीर अपने चप्पलो के तलवो में छिपाकर राजस्थान से ब्राऊन शुगर की डिलीवरी देने इंदौर आया था। इनसे पूछताछ में कई ड्रग्स बेचने वाले आरोपियों का सुराग मिल सकता है। मुखबिर से क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि दो संदिग्ध विजय नगर में शहीद पार्क के सामने सर्विस रोड से ब्राउन शुगर की तस्करी करने के लिए निकलने वाले हैं। टीम ने विजयनगर पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर भय्यू उर्फ जुल्फिकार अली निवासी स्वर्णबाग कॉलोनी, संजय बोरासी निवासी स्वर्णबाग कॉलोनी को पकड़ा। इनकी तलाशी ली तो इनके पास से 26 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत 2.60 लाख रुपए मिली।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंदौर पहुंचीं





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इंदौर पहुंच चुकी हैं। इंदौर हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। वे दो दिवसीय स्मार्ट सिटी कान्क्लेव में शामिल होंगी। वे इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड प्रतियोगिता-2022 के विजेताओं को सम्मानित करेंगी। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में 61 पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इंदौर चार श्रेणियों में पहले पुरस्कार सहित सात पुरस्कारों से सम्मानित होगा। इन पुरस्कारों को महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर स्मार्ट सिटी सीइओ दिव्यांक सिंह प्राप्त करेंगे।**

बरेली के महापौर उमेश गौतम, शाहजहांपुर की महापौर अर्चना सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थिति। वहीं तमिलनाडु के त्रिचिनापल्ली के मेयर थिरू एन अनबालगन, तंजौर के महापौर रामानाथन, तिरपू के मेयर दिनेश कुमार, थोथूकुदी के मेयर जगन एस भी मौजूद हैं। साथ ही सतना के महापौर योगेश ताम्रकर, रतलाम के महापौर प्रहलाद पटेल, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल भी कार्यक्रम में मौजूद हैं। कर्नाटक राज्य के गदग शहर की 25 वर्षीय मेयर उषा दासर बोली इंदौर बहुत साफ़ हैं। ये सबसे युवा मेयर हैं।

आयोजन का केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर ने मंगलवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंदौर ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अच्छा काम किया है। चुनौतियों को स्वीकारते हुए एक शहर कैसे आगे बढ़ता है, इंदौर इसका अच्छा उदाहरण है।

### शहरों में किए गए नवाचारों की प्रदर्शनी

कान्क्लेव में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्मार्ट सिटी द्वारा अपने शहरों में किए गए नवाचारों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। इंदौर स्मार्ट सिटी ने भी अपने काम को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया है।

### दो हजार से ज्यादा अतिथि

कान्क्लेव में दो हजार से ज्यादा अतिथि शामिल हो रहे हैं। इनमें देश के 50 शहरों के महापौर, 64 स्मार्ट सिटी सीइओ शामिल हैं। देशभर से नगरीय निकायों के पदाधिकारी भी इसमें शामिल हो रहे हैं।




# रीति पाठक बोलीं-सीएम पद के कई दावेदार, सौभाग्य की बात

### सांसद के बयान पर कांग्रेस ने कहा- वर्तमान मुख्यमंत्री पर इन्हें विश्वास नहीं रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भाजपा की दूसरी लिस्ट में केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को विधानसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के पास उम्मीदवार नहीं बचे हैं। मुख्यमंत्री बनने के लिए जंग छिड़ी हुई है। इसी बीच सीधी सांसद रीति पाठक ने कहा, ह्ययेे हम सबके लिए कितने सौभाग्य की बात है, हमारे पास मुख्यमंत्री पद के लिए इतने नाम हैं। कितनी क्षमता और सक्षमता है हमारी पार्टी में।ह्व

सांसद रीति पाठक मंगलवार को भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंची। यहां उन्होंने कहा, ह्यकार्यकर्ता होने के नाते हम ये मानते हैं कि इतने सारे नाम मुख्यमंत्री पद के दावेदार हो सकते हैं। निश्चित रूप से मुझे तो इस बात के लिए बहुत खुशी है।ह्व बता दें, भाजपा ने सीधी विधानसभा क्षेत्र से सांसद रीति पाठक को प्रत्याशी बनाया है।

### कांग्रेस बोली- सांसद के बयान ने सब बता दिया

सांसद रीति पाठक का बयान सामने आने के बाद कांग्रेस संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा, ह्यजब सांसद जैसे गरिमामय पद पर रहने वाली नेता यह कहे कि बहुत सारे मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं तो यह निश्चित हो जाता है कि वर्तमान मुख्यमंत्री पर उन लोगों का विश्वास नहीं रहा है। राजनीतिक दलों में यह नेतृत्व तय करता है, लेकिन सांसद पूरी गंभीरता से बोल रहीं हैं। इसका मतलब यह है कि भाजपा में मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरू हो चुकी है।

# उम्मीदवार घोषित करने में पिछड़ी कांग्रेस

### पार्टी में पनप रही गुटबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एक ओर जहां विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी दूसरी सूची भी जारी कर दी है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी चयन में पिछड़ रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तय नहीं कर पा रहे हैं कि किसे टिकट दें और किसे नहीं। ऐसे में पार्टी में गुटबाजी बढ़ती जा रही है।**



छतरपुर जिले को ही देखा जाए तो यहां की छह विधानसभा सीटों पर भाजपा ने अपने तीन दावेदार उतार दिए हैं। छतरपुर से ललिता यादव, महाराजपुर से कामाख्या प्रताप सिंह और अब राजनगर से अरविंद पटेरिया पर फिर भाजपा ने दाव लगाया है। इधर अभी तीन सीटों पर भाजपा को अपने उम्मीदवार घोषित करने हैं। इधर कांग्रेस की एक भी सूची अभी तक नहीं आई है। इस कारण अब दावेदारों को लिस्ट का इंतजार है। हालांकि कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में पहली लिस्ट जारी हो सकती है।

आपको बता दें कि जिस तरह से विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। उसी तरह से भाजपा और कांग्रेस में अंदरूनी गुटबाजी बढ़ रही है। दावेदार अपने-अपने नाम के झंडे लेकर चुनावी मैदान में घूम रहे हैं। लेकिन इस बार मतदाताओं ने विरोध के नए तरीके निकालना शुरू कर दिए हैं। पार्टी की सभा होने पर सभा में शामिल नहीं होना, बाजार बंद कर चुप्पी साधकर विरोध बयां करना। जिसकी हकीकत हम लवकुशनगर और चंदला में देख चुके हैं।

### टिकट नहीं मिला तो बागी बनकर लड़ सकते हैं चुनाव

छतरपुर, राजनगर और महाराजपुर में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी पनप रही है। जहां अपने नाम के झंडे लेकर घूमने वाले नेता टिकट मांग रहे हैं। वह कितने भारी हैं यह बताने के लिए सभाएं, धार्मिक आयोजन और सामाजिक भोज देने का काम कर रहे हैं। चुनावी चर्चा है कि छतरपुर से जो दावेदार टिकट मांग रहे थे और वह नाराज घूम रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

# पं. मिश्रा की कथा निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। श्री महालक्ष्मी ट्रस्ट खण्डवा के तत्वावधान में दादाजी की पावन नगरी में कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथा आगामी 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक ग्राम बावडियाकाजी में प्रस्तावित थी। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, सचिव राकेश झवर ने बताया कि कथा में 2 से 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन से कथा हेतु अनुमति चाही गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर कथा की अनुमति न मिलने से कथा निरस्त की गई है। शीघ्र ही पं. मिश्रा से चर्चा कर आगामी तारीख की स्वीकृति लेकर कथा की तिथि घोषित की जाएगी।

# करोड़ों रुपए का क्रूज डूबा पानी में

### पर्यटन विभाग की लापरवाही आई सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। खंडवा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हनुवंतीय में पर्यटन विकास निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई है कहा रविवार रात को तेज हवा आंधी में निगम का लाखों रुपए की लागत का क्रूज हाउस बोर्ड पानी मे डूब गया। जिससे शासन को लाखो रुपए की चपत तो लगी है है साथ ही पर्यटन विकास निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की भारी लापरवाही सामने आ रही है।

जिले में विगत कुछ दिनों से तेज हवा आंधी के साथ लगातार बारिश हो रही है ऐसे में यहा के जिम्मेदारों द्वारा शासन की बहुमूल्य क्रूज हाउस बोर्ड को सुरक्षित स्थान पर रखना था जिससे तेज हवाओं एवं ज्यादा बारिश होने की स्थिति में कोई नुकसान ना हो।

प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान का पसंदीदा पर्यटक स्थल हनुवंतिया में पर्यटकों को लुभाने एवं मनोरंजन के लिए शासन की ओर से दो बड़ी क्रूज सहित कई मनोरंजन के उपकरण उपलब्ध कराए गए है लेकिन रखरखाव के अभाव में यह खराब होने की स्थिति में पहुंच रहे है। यहां के जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के चलते शासन को करोड़ों रुपए की चपत लग रही है।

### ग्रामीणों की चेतावनी, रोड नहीं तो वोट नहीं

**खंडवा**। लोकतंत्र का महोत्सव विधानसभा चुनाव नजदीक है। मतदाता अपनी जरूरतों को लेकर सड़कों पर उतर गए हैं। खंडवा विधानसभा क्षेत्र के सुन्दरबेल गांव के लोगों ने राजनीतिक दलों के नेताओं के किए गए वादे पूरे न होने पर अपनी मांगों को लेकर वोट नहीं देने का फरमान जारी कर दिया है। जनसुनवाई में ग्राम सुन्दरबेल के ग्राम पंचायत बड़गांवमाली के लोग तैश में दिखे। उन्होंने कहा जिला मुख्यालय से मात्र 08 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मध्यप्रदेश ग्राम सड़क योजना में अथवा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में समिल्लित नहीं किया है, जिसके कारण ग्राम सुन्दरबेल में कोई पहुंच मार्ग नहीं है।

New Delhi

# खालिस्तानियों के खिलाफ NIA की बड़ी कार्रवाई, देशभर में 51 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) खालिस्तानी आतंकवादी और गैंगस्टर के गठजोड़ के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को सुबह-सुबह पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की है। मिल रही जानकारी के मुताबिक, 51 ठिकानों पर जांच एजेंसी की छापेमारी चल रही है।**

आपको बता दें कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंध तनावपूर्ण हो चुके हैं। इस बीच एनआईए ने यह कार्रवाई की है। सबसे ज्यादा पंजाब में 31




जगहों पर छापेमारी चल रही है। इसके अलावा, राजस्थान में 13, हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2, दिल्ली-NCR और यूपी में 1-1 जगह छापेमारी चल रही है। सूत्रों की मानें तो 2016 के बाद पंजाब में सिखों, हिंदुओं और ईसाइयों को लक्ष्य बनाकर की गई कई हत्याएं खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की करतूत थीं, जिसकी हत्या से भारत और कनाडा के बीच विवाद पैदा हो गया है। कनाडाई एजेंसियों ने निज्जर और उनके मित्रों भगत सिंह बराड़, पैरी दुलाई, अर्श डल्ला, लखबीर लांडा और कई अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर कभी कोई जांच शुरू नहीं की। पंजाब में लाशों का ढेर लगने के बावजूद वे राजनीतिक कार्यकर्ता बने हुए हैं।

New Delhi

## दिल्ली में कत्ल : प्रसाद उठाकर खाने पर भीड़ ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला, खंभे से बांधकर बेल्ट और डंडे से पीटा

**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। उत्तर पूर्वी जिले में एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर पूर्वी जिले के नंदनगरी इलाके में युवक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम में युवक ने प्रसाद उठाकर खा लिया था। इससे नाराज भीड़ ने युवक को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा। जिससे युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान इसार (26) पुत्र अब्दुल वाजिद के रूप में हुई है। वह ई 57/बी352, सुंदर नगरी में रहता था।

पिता अब्दुल वाजिद के अनुसार, वह सुंदर नगरी फल बेचते हैं। उनकी चार बेटियां और एक बेटा था। मंगलवार की शाम करीब 6:30 बजे जब वह घर पहुंचा तो उसने देखा कि उसका बेटा इसार घर के बाहर पड़ा हुआ था। उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। वह दर्द से कराह रहा था।

Uttarpradesh

## ड्राइवर ने ब्रेक की जगह दबा दिया एक्सीलेटर, मथुरा में आधी रात को पटरी से उतर प्लेटफॉर्म पर चढ़ गई ट्रेन

**मथुरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बीती रात रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन पर प्लेटफॉर्म पर चढ़ गई. हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान कोई चपेट में नहीं आया. जब ये घटना हुई, उस समय सभी सवारियां ट्रेन से उतर चुकी थीं और ट्रेन को बंद कर तय स्थान पर खड़ा किया जाना था. उस दौरान ट्रेन की ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब गया और ट्रेन प्लेटफॉर्म पर जा चढ़ी. जानकारी के अनुसार, करीब दस बजे शटल (लोकल) ट्रेन नई दिल्ली से मथुरा पहुंची थी. यहां सवारियां ट्रेन से उतर चुकी थीं. इसके बाद ट्रेन की शटरिंग (बंद) कर खड़ा करना था. बताया जा रहा है कि चालक को ट्रेन रोकने के लिए ब्रेक लगाने थे, लेकिन एक्सीलेटर दब गया.

Bihar

## बिहार में थम नहीं रहा डेंगू का कहर, पटना में 48 तो राज्यभर में 275 नए मरीज मिले

**पटना, (एजेंसी)** बिहार में डेंगू के 275 नए मरीज मिले। इसके साथ ही इस महीने 4643 डेंगू के मरीज मिल गए। जबकि इस वर्ष कुल 4918 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पटना में सबसे अधिक 68, मुंगेर में 19, भागलपुर में 18, बेगूसराय व मुजफ्फरपुर में 16-16 और वैशाली में 13 मरीज मिले। राज्य के 12 मेडिकल कॉलेजों में 245 मरीजों का उपचार चल रहा है। इसमें सबसे अधिक भागलपुर मेडिकल कॉलेज में 128 मरीजों का उपचार चल रहा है। अन्य मेडिकल कॉलेजों में एम्स पटना में 10, आईजीआईएमएस पटना में 14, पीएमसीएच पटना में 18, एनएमसीएच पटना में 10, एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर 10, डीएमसीएच दरभंगा में पांच, एएनएमसीएच गया में 18, जीएमसी बेतिया में तीन, जीएमसी पूर्णिया में तीन, मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में तीन और विम्स पावापुरी में 23 मरीजों का उपचार चल रहा है। राजधानी पटना में अब कुल डेंगू पीड़ितों की संख्या बढ़कर 1507 हो गई है। जिला संक्रामक रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि वीआई मोहल्ला होने के बावजूद पाटलिपुत्रा इलाके में डेंगू का प्रकोप सबसे ज्यादा है। इसके पीछे वहां के लोगों की लापरवाही भी जिम्मेवार है। जांच में बड़े-बड़े अपार्टमेंट की छतों पर गमले में पानी जमा पाया गया। उन्होंने बताया कि कई जगह छत पर फूल, सब्जी आदि भी उगाए जा रहे हैं।

खेल

## आज देश को छह पदक मिले, नौकायन में विष्णु ने कांस्य जीता; भारत की झोली में 20वां पदक

**हांगझोऊ, (एजेंसी)** प्रतियोगिता के पहले दिन भारत को पांच, दूसरे दिन छह और तीसरे दिन तीन पदक मिले। कुल 20 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर है। इसमें पांच स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। आज शूटिंग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक मिले।

विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी ILCA 7 में 34 के नेट स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के हा जेमिन ने 33 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि सिंगापुर के लो जून हान रयान ने 26 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एकल डोंगी ILCA6 में, नेथरा कुमानना चौथे स्थान पर रहीं।

एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों का शानार प्रदर्शन जारी है। भारत ने पुरुष टीम स्कीट में कांस्य पदक जीता है। टीम इंडिया 355 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर कजाकिस्तान के





साथ बराबरी पर थी। इसके बाद भारत ने वापसी कर पदक पक्का किया। अनंत नरूका, गुरजाओत सिंह और अंगद बाजवा ने भारत के लिए 19वां पदक जीता। हालांकि, अनंत व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके।

शूटिंग में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। सिफ्त कौर और आशी ने एक ही प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते हैं। सिफ्त कौर समरा ने 50 मीटर 3पोजीशन राइफल में 10.2 अंक हासिल कर आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया! वहीं, इसी प्रतियोगिता में आशी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। सिफ्त कौर एशियाई खेल 2023 में एकल प्रतिस्पर्धा में भारत को स्वर्ण दिलाने वाली पहली एथलीट हैं। इससे पहले तीनों स्वर्ण पदक टीम इवेंट में आए थे। सिफ्त ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्होंने 469.6 का स्कोर किया जो कि पिछले रिकॉर्ड से 2.6 अधिक है।

भारतीय शूटिंग टीम ने आज का दूसरा पदक भी दिलाया है। भारत ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान ने 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है! उन्होंने चीन को तीन अंकों से हराया!

सिनेमा

## वहीदा रहमान को मिलेगा भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड



लेजेंडरी एक्ट्रेस वहीदा रहमान को सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा जाएगा. सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्ट्रेस को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड दिए जाने का ऐलान किया है. वहीदा अपने दौर की लीडिंग एक्ट्रेस रही हैं. फिल्म प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, गाइड जैसी फिल्मों में उन्होंने काम किया.

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने वहीदा रहमान को अवॉर्ड दिए जाने पर अपनी खुशी जाहिर की. उन्होंने लेजेंडरी एक्ट्रेस के काम की तारीफों के पुल बांधे. अनुराग ठाकुर लिखते हैं- इस साल का दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवेमेंट अवॉर्ड वहीदा रहमान जी को सिनेमा जगत में उनके शानदार योगदान के लिए दिया जाएगा. उन्हें ये अवॉर्ड देने का ऐलान करते हुए मुझे बहुत खुशी और सम्मान का एहसास हो रहा है. वहीदा जी ने हिंदी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ी. इनमें प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, खामोशी जैसी फिल्में शामिल हैं.

''5 दशक के करियर में उन्होंने अपने किरदारों को परफेक्शन के साथ निभाया, जिसकी वजह से उन्हें फिल्म रेश्मा और शेरा के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला. पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित वहीदा जी ने भारतीय नारी के समर्पण, कमिटमेंट और ताकत का ऐसा उदाहरण पेश किया है जो कड़ी मेहनत की बदौलत अपने प्रोफेशन में एक्सीलेंस को अचीव कर सकती हैं.''

# संपादकीय

## ईमानदारी से पहल करने की जरूरत

जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। हर वर्ष सर्दी, गर्मी, बरसात का चक्र असंतुलित और मिजाज कुछ उग्र रूप में दर्ज होता है। इस वर्ष भी बरसात का मौसम अपने सामान्य समय से पखवाड़ा भर बाद समाप्त होगा। यानी बरसात कुछ अधिक दिन तक रहेगी। लौटते वक्त बादल कई इलाकों में बरस कर जाएंगे। जाहिर है, इसका प्रभाव अगली फसल पर पड़ेगा। आमतौर पर इस मौसम में धान पकने शुरू हो जाते हैं। जब तेज बारिश होती और हवा चलती है, तो फसल जमीन पर लोट जाती है। इससे धान की कटाई में मुश्किल आती और पैदावार कम हो जाती है। फिर खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहने से उनकी जुताई और गेहूं की बुआई में देरी होगी। वैसे ही सर्दी का मौसम हर वर्ष कुछ छोटा होता जा रहा है, गेहूं की फसल को उचित ठंड न मिलने के कारण उनमें पर्याप्त दाने नहीं लग पाते। जल्दी गर्मी शुरू हो जाने से फसल जल्दी पक कर तैयार हो जाती है और गेहूं के दाने छोटे होने लगे हैं। इसकी वजह से उत्पादन पर बुरा असर पड़ रहा है। इस वर्ष भी मानसून के देर से लौटने के चलते धान और गेहूं दोनों फसलों पर बुरा असर पडऩे की आशंका है। यह तेरहवीं बार होगा, जब मानसून अपने तय समय से देर से लौटेगा। दक्षिण-पश्चिमी मानसून का चक्र असंतुलित होने के कारण इस साल भी बहुत सारे इलाके सूखे की चपेट में रहे, तो कई इलाकों में बरसात तबाही लेकर आई। जहां बारिश नहीं हुई, वहां धान की फसल सूख गई और जहां अधिक पानी बरसा, वहां खेत और बाग बड़े पैमाने पर बह गए। बहुत सारे इलाकों में बरसात देर से शुरू हुई, इसलिए धान की रोपाई समय पर नहीं हो पाई और अनुमान है कि करीब सत्रह फीसद कम धान की खेती हो पाई है। तिस पर बरसात के असंतुलित स्वभाव ने उत्पादन पर बुरा प्रभाव डाला है। इस तरह खाद्यान्न जरूरतें पूरा करने को लेकर चिंता गहराने लगी है। भारत दुनिया का बड़ा चावल निर्यातक है, मगर इसी तरह मानसून का चक्र हर साल गड़बड़ होता रहा और बरसात अपने समय पर न होकर विलंब से आती और समाप्त होती रही, तो घरेलू जरूरतें पूरा करना भी कठिन होता जाएगा। पिछले वर्ष गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगानी पड़ी थी, इस वर्ष बासमती चावल के निर्यात को संतुलित करना पड़ा। यही स्थिति दलहनी और तिलहनी फसलों के मामले में भी है। जलवायु परिवर्तन से पैदा संकट पर काबू पाने के लिए दुनिया के तमाम देश हर वर्ष कार्बन उत्सर्जन कम करने का संकल्प लेते हैं। मगर अभी तक वह संकल्प कागजी ही ज्यादा नजर आता है।

**Quote...**

"अंदर से अपमानित आदमी
बाहर सम्मान खोजता रहता है..
इसके विपरीत -
अंदर से सम्मानित व्यक्ति बाहर
सम्मान नहीं खोजता।"

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भरोसा 2 तरह से किया जा सकता है... कुछ भी सोचे बिना किसी के चरणों में समर्पित हो जाना। पूरी तरह जान लो... फिर समर्पित होना।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# इसरो और नासा बना रहे अंतरिक्ष का 'सबसे महंगा' सैटेलाइट

### ◆ डेढ़ अरब डॉलर से बना निसार जानें क्या करेगा

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और इसरो एक साथ मिलकर एक सैटेलाइट का निर्माण कर रहे हैं। इस सैटेलाइट का नाम नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (NISAR) है जो अगले साल की शुरुआत में लॉन्च के लिए लगभग तैयार हो चुका है। यह सैटेलाइट इकोसिस्टम में गड़बड़ी और दुनिया भर में बदल रहे मौसम का निरीक्षण करेगा। भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की इसके जरिए भविष्यवाणी की कोशिश होगी। इस सैटेलाइट का वजन 2,600 किग्रा है।



इस सैटेलाइट को 1.5 अरब डॉलर की कीमत पर बनाया जा रहा है, जो चंद्रयान 3 मिशन से बहुत ज्यादा है। यह सबसे महंगा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। यह 5 से 10 मीटर के रिजॉल्यूशन पर महीने में 4 से 6 बार पृथ्वी की भूमि और बर्फ के द्रव्यमान की ऊंचाई को एक उन्नत रडार इमेजिंग के जरिए मैप करेगा। यह धरती, समुद्र और बर्फ की सतह का अवलोकन करेगा। सैटेलाइट छोटी से छोटी मूवमेंट को भी पकड़ लेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसके जरिए वह सतह के नीचे क्या हो रहा है ये जानने की कोशिश करेंगे।

### भारतीय वैज्ञानिकों को मिलेगा डेटा

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सैटेलाइट जितनी डिटेल के साथ जानकारी प्राप्त करेगा उसके लिए कई किमी लंबें एंटीना चाहिए होंगे, जो व्यावहारिक रूप से असंभव है। इसलिए वैज्ञानिक सैटेलाइट के तेज मोशन का इस्तेमाल करेंगे, जिसके जरिए एक वर्चुअल एंटीना बन सकेगा। इसरो ने NISAR यूटिलाइजेशन प्रोग्राम की भी घोषणा की है। इसके जरिए भारत के शोधकर्ता और वैज्ञानिक NISAR सैटेलाइट मिशन के डेटा तक पहुंच सकेंगे। इसके साथ इन्हें इसके विश्लेषण की व्याख्या का मौका मिलेगा।

### भारत में जोड़ा गया सैटेलाइट का हिस्सा

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में नासा ने बताया था कि इस मिशन के दो प्रमुख घटकों को बेंगलुरु में जोड़ा गया है। नासा ने बताया था कि जून में बेंगलुरु में इंजीनियरों ने सैटेलाइट के अंतरिक्ष यान बस और रडार को एक साथ जोड़ा। इस पेलोड को मार्ट की शुरुआत में दक्षिणी कैलिफोर्निया के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी से ले जाया गया था। सैटेलाइट का बस एक एसयूवी के आकार का है। इसके आंशिक हिस्से को गोल्डेन रंग के थर्मल कंबल में लपेटा गया है।

## Highlights

1. Arrested YouTuber talks with media in Bihar, 4 policemen suspended
2. There're terrorist leaders, organised crimes in Canada: Jaishankar
3. Delhi's 1st woman auto driver attacked in road rage incident
4. 'ISKCON sells cows to butchers,' claims Maneka Gandhi; temple authority responds
5. IAS officer, who emptied Delhi stadium to walk her dog, compulsorily retired

# Vedanta hits over 1-year low after Moody's downgrades parent




**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Indian conglomerate Vedanta fell to their lowest in over a year on Wednesday after Moody's Investors Service downgraded parent Vedanta Resources' senior unsecured bonds, citing a high risk of debt restructuring in the coming months.

The rating agency also raised concerns about the ability of Vedanta Resources' operating subsidiaries to generate cash flow in a "softening commodity price environment."

We're now on WhatsApp. Click to join.

Shares of the metals-to-oil group fell as much as 6.3% to their lowest level since July 6, 2022 before paring losses to trade 4.8% down as of 10:00 a.m. IST.

Moody's downgraded Vedanta Resources' unsecured bonds to Caa3 from Caa2, and the corporate family rating of the billionaire Anil Agarwal-owned company to Caa2 from Caa1 while maintaining a negative outlook.

Vedanta was the top loser on the Nifty 100 index , which was down 0.26%.

The stock is on track to decline for the sixth consecutive session - its longest losing streak since late February - if the trend holds through the day.

# Byju's to cut 5,500 jobs amid restructuring of business

**MUMBAI, (Agency).** Indian education firm Byju's plans to cut around 5,500 jobs to decrease costs amid a restructuring of its business, the Economic Times reported on Tuesday.

Arjun Mohan, who took over as the chief executive of the company's India business, has briefed senior executives that he will be merging several business verticals as part of the changes, which are expected to be rolled out later this week or early next week, the newspaper said.

We're now on WhatsApp. Click




to join. ALSO READ: Byju's yet to pay dues worth crores for data management tools, loses services The job cuts are being implemented only at Byju's parent, Think & Learn, and are not linked to any of its subsidiaries, the report said, adding that a significant number of roles to be made redundant would constitute senior positions at the firm.

"They (Byju's) want to bring more students to offline centres and that's the main way the new management has identified to run operations that can sustain over a period of time," ET said, citing a person aware of the discussions.

Byju's did not immediately respond to a Reuters request for comment.

The firm, valued at $22 billion last year, has experienced a series of business setbacks, including its auditor and board members quitting. In the last few months, it has also been negotiating the repayment of a $1.2 billion loan.




## स्कूल बस सडक़ से नीचे उतरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवास नाका पर बड़ा हादसा टला गया। स्कूल जाने के दौरान एक निजी स्कूल बस सडक़ से नीचे उतर गई। मदरलैंड स्कूल की बस थी। हालांकि बस में सवार बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। बस में कुल 12 बच्चे सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक की लापरवाही से यह घटना हुई है। बस क्लीनर को ज्यादा चोट लगी है और हादसे में उसका पैर टूट गया है। पुलिस ने बाद में दूसरी बस से बच्चों को स्कूल भेजा।

## हर दिन हो रही महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। मुसाखेड़ी चौराहे पर मूसाखेड़ी के राजा विराजमान हुए संस्था संरक्षक राजू प्रजापत ने बताया कि यह आयोजन का 25 वर्ष है प्रतिदिन संगीतमय महा आरती की जाती है और थाली सजाओ प्रतियोगिता में सुंदर थाली में विजेता को पुरस्कार भी किया जाता है क्षेत्र के प्रवासियों में अगर किसी का जन्मदिन हो एक दिन में 10 व्यक्तियों का भी जन्मदिन होगा तो दसों व्यक्तियों का जन्मदिन केक काटकर बनाया जाता है आरती के पश्चात भगवान गणेश को भोग लगाकर भोजन महाप्रसादी भी वितरण की जाती है प्रतिदिन अलग-अलग व्यंजन भक्तों को प्रसाद के रूप में भोजन प्रसादी दी जाती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।